
Page Three

Classified

Adds can be booked under these Categories : (all day publication)

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

Matrimonial (Sunday Only)



अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द

# बीआरओ व पीएमजीएसवाई के खिलाफ पनपा आक्रोश

**जिम्मेदार कौन ?**

## जान हथेली पर रखकर आवाजाही करने को मजबूर हुए तवाघाट सोबला तिदांग गांव के ग्रामीण

**निर्मल भट्ट। विशेष रिपोर्ट।**



पिथौरागढ़। पचास दिन बीत चुके है मगर अभी भी चीन सीमा को जोड़ने वाला सोबला तिदांग मार्ग बंद पड़ा हुआ है। हालात इतने बद्दतर हो चुके है कि सीमांत तहसील के उच्च हिमालयी क्षेत्रों में दुश्वारियां कम होने का नाम तक नही ले रही है। सीमांत के उच्च हिमालयी गांवों में बसे ग्रमीण व युवा वर्ग अब जरूरती सामान के लिए जान हथेली पर रखकर आवाजाही करने को मजबूर हो रहे है।

सीमांत में वर्तमान में पिछले चार दिन में जहां अब बारिश की गति कुछ कम हुई है। वही दूसरी ओर अब तक सीमांत की सड़कें न खुल पाने के कारण क्षेत्र में जरूरती चीजों के लाले पड़ने लगे है। सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण चीन सीमा को जोड़ने वाली सड़क के अब तक न खुल पाने के कारण अब प्रशासन के खिलाफ लोगों का आक्रोश पनपने लगा है।

बंद पड़े सड़क मार्गो के साथ ही पैदल मार्ग अभी भी पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हालत में पड़े हुए है। वही गांवों में खाधान्न व जरूरती सामान की किल्लत लगातार बरकरार बनी हुई है। यदि सड़क मार्ग व पैदल रास्ते अगर नही खुल पाते है तो ऐसे में यहां की स्थितियां बेहद नाजुक मोड़ पर आनी संभव लग रही है। गांव में पेयजल योजना भी पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो चुकी है। गांव के ग्रमीण सैकड़ों मील पैदल खड़ी चढ़ाई पार कर गधेरों से पानी ढोने को भी मजबूर हो रहे है।

जानकारी के मुताबिक चीन सीमा को जोड़ने वाला सोबला तिदांग मार्ग से लेकर तवाघाट से तल्ला दारमा के गर्गुवा , खेत ,छिरकिला ,जम्मू , सोबला ,न्यू सुवा ,उमचिया ,वतन ,सुमदुंग ,दर बौगलिंग ,नगलिंग व धारचूला का खुम्ती गांव और अन्य उच्च हिमालयी सड़क व पैदल मार्ग अभी भी बंद पड़े हुए है। अब क्षेत्र के ग्रमीणों के साथ क्षेत्र के युवा भी ऐसे हालातों में खासी चिंता में पड़ चुके है।

## न्यूज डायरी

### भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों का किया विरोध

**संवाददाता** देहरादून। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के आहवान पर छोटे लोहिया स्व जनेश्वर मिश्र की जयंती पर समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता दून के पूर्व जिला अध्यक्ष गुलफाम अली के नेतृत्व मे शिमला रोड मेहूवॉला मॉफी मे इकठ्ठा हुये और छोटे लोहिया स्व जनेश्वर मिश्र के फोटो पर पूष्प अर्पित कर खिराज–ए–अकीदत पेश की। वक्ताओ मे छोटे लोहिया पण्डित जनेश्वर मिश्र के जीवन पर प्रकाश डाला और उनके पदचिन्हों पर चलकर समाजवादी पार्टी को मजबूत करने का प्रण लिया, और उसके बाद भाजपा सरकार द्वारा बढाई बेहताशा महगॉई, बेरोजगारी, व लोकतंत्र की हत्या के विरोध मे मेहूवॉला मॉफी से पूर्व प्रधानमंत्री स्व चौधरी चरण सिंह चौक तक साईकिल रैली निकालकर भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों का विरोध किया।

### कई सालों से डॉक्टरों की राह देख रहा ट्रामा सेंटर

**संवाददाता** चमोली। प्रदेश में स्वास्थ्य व्यवस्था की स्थिति किसी से छुपी नहीं है। वहीं चमोली में कर्णप्रयाग स्थित बदरीनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग पर बना ट्रामा सेंटर कई सालों से डाक्टरों और उपकरणों की राह देख रहा है। करोड़ों की लागत से बने इस भवन को लेकर बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं को लेकर लोगों में कई उम्मीदें जगी थी, लेकिन डॉक्टरों और संसाधनों के आभाव में अब यह भवन लोगों को मुंह चिढ़ा रहा है। 10 साल पहले स्वास्थ्य सुविधाओं के लिहाज से चमोली जनपद के केंद्र बिंदु कर्णप्रयाग में ट्रामा सेंटर का भवन बनकर तैयार हुआ था। लेकिन प्रदेश की सत्ता पर बारी–बारी से काबिज सरकारों की उदासीनता के चलते यह आज तक शुरू नहीं हो पाया हैं।

### एयरटेल ने गूगल क्लाउड और सिस्को के साथ साझेदारी की

**संवाददाता** देहरादून। भारत के प्रमुख संचार समाधान प्रदाता, भारती एयरटेल ("एयरटेल") ने आज 'एयरटेल ऑफिस इंटरनेट' लॉन्च करने की घोषणा की जो छोटे व्यवसायों, एसओएचओ और शुरुआती चरण टेक स्टार्ट–अप की उभरती डिजिटल कनेक्टिविटी जरूरतों के लिए एक एकीकृत उद्यम ग्रेड समाधान है। भारत भर में पहले से कहीं अधिक उभरते व्यवसाय विश्वसनीय कनेक्टिविटी और डिजिटल उत्पादकता वाले उपकरणों की तलाश कर रहे हैं जो उनकी कार्यकुशलता, दक्षता को बढ़ाते हैं और उन्हें अपने ग्राहकों की बेहतर सेवा करने में सक्षम बनाते हैं। एयरटेल बिजनेस के निदेशक और सीईओ अजय चितकारा के अनुसार, "महामारी ने सभी प्रकार के व्यवसायों की डिजिटल परिवर्तन यात्रा को तेज कर दिया है।

## सरकार की विफलताओं पर रोड मैप तैयार करेगी कांग्रेस

**संवाददाता** ऋषिकेश। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के विचार मंथन शिविर में प्रमुख नेताओं की उपस्थिति में केंद्र और राज्य सरकार की विफलताओं को मुख्य एक्शन प्लान में शामिल करते हुए रोड मैप तैयार करने पर सहमति बनी। शिविर के अंतिम दिन गुरुवार को प्रदेश कांग्रेस की इस संबंध में संपूर्ण कार्य योजना सामने आने की उम्मीद है।

दून रोड ऋषिकेश स्थित एक होटल में कांग्रेस का तीन दिवसीय विचार मंथन शिविर आयोजित किया जा रहा है। शिविर में प्रदेश प्रभारी देवेंद्र यादव, चुनाव संचालन समिति के अध्यक्ष हरीश रावत, कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल, नेता प्रतिपक्ष प्रीतम ङ्क्षसह, सह प्रभारी पूर्णिमा पांडे की उपस्थिति में बुधवार को पांच सत्रों में मंथन हुआ। प्रातरू कालीन सत्र में कोर कमेटी की विभिन्न विषयों पर बैठक हुई। उसके बाद महिला कांग्रेस और सेवादल के प्रमुख पदाधिकारियों विचार विमर्श किया। अनुसूचित जाति जनजाति और अल्पसंख्यक विभाग के पदाधिकारियों से वरिष्ठ नेताओं ने चर्चा की।

संध्या कालीन सत्र में एनएसयूआइ और युवा कांग्रेस के प्रमुख पदाधिकारियों से चुनाव अभियान को लेकर सुझाव मांगे गए। अंतिम सत्र में कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष, महामंत्री और विशेष आमंत्रित सदस्यों के साथ वरिष्ठ नेताओं की बैठक हुई। तमाम सत्रों में महत्वपूर्ण बात यह रही कि सभी ने केंद्र और राज्य सरकार की विफलताओं को मजबूत और प्रखर तरीके से चुनाव में जनता के बीच ले जाने का सुझाव दिया।



## आशाओं ने की राजकीय कर्मचारी घोषित करने की मांग

**संवाददाता** पुरोला। आशा व आशा फैसिलिटेटर को राजकीय कर्मचारी व मासिक मानदेय निर्धारित करने को लेकर विकासखंड पुरोला की आशाओं ने एसडीएम सोहन सिंह के माध्यम से सूबे के मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेज कर अपनी मांगो को पूरी करने को कहा गया है। ज्ञापन में मांग की गई है कि आशा व आशा फैसिलिटेटर को राजकीय कर्मचारी घोषित करने व मासिक मानदेय निर्धारित किया जाए। ज्ञापन में कहा गया है कि आशायें विभाग मे ईमानदारी से अपना काम दिन– रात कर रही है उसके बाबजूद महगांई के दौर मे एक या दो हजार ही मिल पा रहे है । आशाओ ने चेतावनी दी है कि यदि हमारी मांगो पर सरकार सही फैशला नही लेती हैं तो 7 अगस्त को सभी आशायें अपनी मांगो को मनाने को लेकर सीएचसी पुरोला से लेकर तहसील तक जलूश प्रदशन करेगें। ज्ञापन देने वालो में अमबेशवरी देवी,अमिता,रेखा,सीमा, बीना, संगीता, सुमित्रा, राजबाला, ममता आदि मौजूद थे।

## गौचर और गैरसैंण के अस्पतालों में शीघ्र तैनात होंगे विशेषज्ञ डॉक्टर

**संवाददाता** देहरादून। भारतीय जनता पार्टी की राष्ट्रीय मीडिया टीम के सदस्य सतीश लखेड़ा ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से भेंटकर गौचर और गैरसैण (जनपद चमोली) के अस्पतालों में चिकित्सकों की तैनाती के संबंध में मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने चिकित्सकों की तैनाती सुनिश्चित करने हेतु सचिव स्वास्थ्य को निर्देश जारी किए।'



■सीएम ने स्वास्थ्य सचिव को दिए निर्देश
■भाजपा की राष्ट्रीय मीडिया टीम के सदस्य सतीश लखेड़ा ने की सीएम पुष्कर सिंह धामी से मुलाकात

उन्होंने कहा कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गैरसैण एवं उप सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गौचर अस्पतालों पर बहुत बड़ी आबादी के उपचार की जिम्मेदारी है उसके अनुरूप अस्पतालों की उपचार क्षमता नहीं है। गौचर अस्पताल में तो मात्र एक चिकित्सक की तैनाती है। गैरसैण और कर्णप्रयाग विकासखंड के दुर्गम क्षेत्रों के नागरिकों के यह निकटतम केंद्र हैं। चिकित्सक न होने से नागरिकों को उपचार के लिए अन्यत्र शहरों में जाना पड़ता है जो कि बहुत खर्चीला और असुविधाजनक है। अस्पतालों के मानकों के अनुसार दोनों स्वास्थ्य केंद्रों में पर्याप्त संख्या में डॉक्टरों की तैनाती की अपेक्षा है।' मुख्यमंत्री ने आश्वस्त किया कि इन दोनों केंद्रों में शीघ्र ही चिकित्सकों की तैनाती की जायेगी ताकि नगर क्षेत्र के अतिरिक्त आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों को बहुत सुविधा होगी विशेषकर गर्भवती महिलाओं, शिशुओं और बुजुर्गों को बड़ी राहत मिलेगी।

लखेड़ा ने कहा कि मुख्यमंत्री धामी जी की कार्यशैली और अनुभव उनके कामकाज में स्पष्ट दिखाई दे रहा है। वह प्रमाणिक रुप से कार्य करने वाले मुख्यमंत्री हैं और प्रदेश के हर क्षेत्र में उनके द्वारा विकास कार्यों की निगरानी और समयबद्धता प्रदेश की तस्वीर बदलेगी।'

## 8 अगस्त से पांच जिलों में आशीर्वाद यात्रा निकालेंगे केंद्रीय रक्षा राज्यमंत्री

**संवाददाता** रुड़की। केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री अजय भट्ट प्रदेश में 18 अगस्त से तीन दिवसीय आशीर्वाद यात्रा निकालेंगे। यह जानकारी कार्यक्रम संयोजक विनय रोहिला ने रुड़की के साकेत स्थित हरमिलाप धर्मशाला में आयोजित पत्रकार वार्ता में दी। उन्होंने बताया कि केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री की आशीर्वाद यात्रा हरिद्वार, देहरादून, नैनीताल, हल्द्वानी और उधमसिंहनगर जिले में निकाली जाएगी। सभी जिलों में इसकी तैयारियां की जा रही हैं। बताया कि आशीर्वाद यात्रा में केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री अजय भट्ट के साथ मंत्री से लेकर शक्ति केंद्रों के संयोजक तक शामिल होंगे। यात्रा के दौरान एक स्थान पर 700–800 कार्यकर्ता मौजूद रहेंगे, जबकि ग्रामीण क्षेत्रों में कार्यकर्त्ताओं की संख्या अधिक होगी। यात्रा के दौरान केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री कार्यकर्त्ताओं और जनता से मिलेंगे। इस मौके पर जिला महामंत्री आदेश सैनी, मंडल अध्यक्ष अभिषेक चंद्रा और प्रवीण सिंधु आदि उपस्थित रहे।